# औद्योगिक क्षेत्र में छलांग, लिस्टिंग से निवेशकों को मिलेगा नया मौका

## रिंगिंग बेल सेरेमनी

**अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता।** शिवाश्रित फूडस लिमिटेड कंपनी सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध (लिस्टेड) हो गई। जीटी रोड एक होटल में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नंद गोपाल नंदी ने रिंगिंग बेल सेरेमनी कार्यक्रम को पूरा कर शुभारंभ किया। आईपीओ लाने के बाद शिवाश्रित लिमिटेड अब एनएसई पर पंजीकृत हो गई है। इससे निवेशक अब कंपनी का शेयर खरीद पाएंगे।

शिवाश्रित फूड्स लिमिटेड अलीगढ़ के निर्यातक एवं मेयर प्रशांत सिंघल की कंपनी है। मथुरा रोड पर संचालित फूड्स कंपनी में आलू से फ्लेक्स बनाने का काम किया जाता है। जिसका विदेशों में एक्सपोर्ट होता है। एमडी निशांत सिंघल ने अगस्त माह में बांबे नेशनल स्टॉक में आईपीओ लांच कराया था। आईपीओ लांच होने के बाद एक सितंबर को कंपनी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में पंजीकृत हो गई। जीटी रोड स्थित एक होटल में रिंगिंग बेल सेरेमनी को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, शिवाश्रित फूड्स लिमिटेड के चेयरमैन प्रशांत सिंघल, एमडी निशांत सिंघल, हल्दीराम के निदेशक आनंद अग्रवाल व एनएसई के मैनेजर विधि शामिल हुए।




जीटी रोड होटल में सोमवार को शिवाश्रित फूड्स लिमिटेड के रिंगिंग बेल सेरेमनी में मौजूद कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, हल्दीराम के निदेशक आनंद अग्रवाल, एमपी सतीश गौतम, चेयरमैन प्रशांत सिंघल, निशांत सिंघल। • हिन्दुस्तान।

## वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा यूपी

औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उप्र प्रदेश विकास की नई पटकथा लिख रहा है। प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ''वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी''बनने की दिशा में ठोस कदमों से आगे बढ़ रहा है। रिंगिंग सेरेमनी के बाद मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे और यहां पर जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ बैठक की। सर्किट हाउस में कहा कि अलीगढ़ और आसपास के जिलों में आलू की भरपूर पैदावार होती है। शिवाश्रित फूड्स लिमिटेड किसानों से आलू खरीदकर उसका पाउडर निर्माण करती है। इस कंपनी ने 2018 में एमओयू करने के 9 माह के भीतर उत्पादन प्रारंभ कर दिया था। अब इस कंपनी का पब्लिक इश्यू आना और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में पंजीकृत होना उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## 5.7 लाख करोड़ की परियोजनाओं की जल्द ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, लक्ष्य 50 लाख करोड़

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू संपन्न हुए थे। इनमें से लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, भूमिपूजन हो चुका है। अगले चरण में 5 से 7 लाख करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है। सरकार का लक्ष्य इस निवेश को 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचाने का है।

## समस्या सुन जीएसटी अफसरों को दी हिदायत

सर्किट हाउस में सोमवार को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान एक प्रकरण कैबिनेट मंत्री के समक्ष आया, जिस पर उन्होंने जीएसटी के अधिकारियों को सर्किट हाउस में तलब किया। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 सुबास चंद्र व एडिशनल कमिश्नर गेट 2 अनिल कुमार राम त्रिपाठी से वार्ता की। कहा कि प्रदेश सरकार का मकसद है कि व्यापारियों को बिना परेशान किया उनकी समस्या का निराकरण किया जाए। व्यापारियों ने ऑनलाइन जारी किए जा रहे नोटिस को लेकर आपत्ति जताई थी।

## आयोजन में आमो-खास की उपस्थिति

आनंद अग्रवाल निदेशक हल्दीराम समूह, सांसद सतीश गौतम, सांसद अनूप प्रधान, महापौर मुरादाबाद विनोद कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, विधायक अनिल पराशर, विधायक मुक्ता संजीव राजा, विधायक जयवीर सिंह, विधायक रविंद्र पाल, विधायक राजकुमार सहयोगी, विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक ऋषिपाल सिंह, विधायक तारिक मंसूर, दर्जा प्राप्त मंत्री रघुराज सिंह, कमीश्नर संगीता सिंह, डीआईजी प्रभाकर चौधरी, डीएम संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, वीसी एडीए कुलदीप मीणा, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की सीनियर मैनेजर निधि।